# प्रदेश में गैस की कीमतें बढ़ाने पर कांग्रेस ने किया सदन में हंगामा और वॉकआउट

## नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से इस मुद्दे पर जवाब मांगा, जवाब नहीं मिला तो सदन से वॉकआउट किया

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर**। विधानसभा में ईरान और यूएस-इजराइल युद्ध के बाद गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी और कॉमर्शियल सिलेंडरों की राशनिंग के मुद्दे पर शून्यकाल के दौरान कांग्रेस ने हंगामा किया। सरकार के इस मुद्दे पर जवाब नहीं देने के बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया।

शून्यकाल में कांग्रेस विधायक अमित चाचाण ने यह मामला उठाते हुए कहा कि सरकार ने संकट के समय गैस की कीमतें बढ़ाकर जनता पर डबल बोझ डाला है। सरकार को सब्सिडी देकर जनता को राहत देनी चाहिए, सरकार ने जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार की तरफ से सदन में गैस की कीमतें बढ़ाने से उपजे हालात पर जवाब दिलाने की मांग की। जूली ने कहा कि सरकार को बढ़ी हुई गैस सिलेंडर की कीमतों और कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं देने से उपजे हालात पर सदन में बयान देना चाहिए। सरकार जवाब नहीं दे रही है, इसलिए हम सदन से वॉकआउट कर रहे हैं।

**■ दरअसल शून्यकाल में कांग्रेस विधायक अमित चाचाण ने यह मामला उठाते हुए कहा कि सरकार ने संकट के समय गैस की कीमतें बढ़ाकर जनता पर डबल बोझ डाला है। सरकार को सब्सिडी देकर जनता को राहत देनी चाहिए।**

### प्रश्नकाल में गोदारा व जूली में नोकझोंक

इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान बढ़ी हुई गैस कीमतों के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के बीच बहस हो गई। जूली ने पूछा कि कल ही रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कॉमर्शियल सिलेंडरों पर अघोषित रोक लगा दी है। क्या सरकार अपनी तरफ से सब्सिडी देकर जनता को राहत देगी? खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष विद्वान हैं। आपको पता होगा कि गैस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ी हैं।

### गैस की किल्लत नहीं होने देंगे : खाद्य मंत्री

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जब सदन में पूछा कि, आप जनता को सब्सिडी देकर राहत देंगे क्या? इस पर खाद्य मंत्री ने कहा कि हम आमजन को गैस की किल्लत नहीं होने देंगे चाहे कुछ भी करना पड़े। इस पर जूली ने कहा कि, गैंस सिलेंडरों कीमतें बढ़ गईं, लेकिन सरकार क्या कर रही है? जब हमने 500 में सिलेंडर दिया था, तब 800 रुपए का सिलेंडर था। अब जब 600 रुपए सिलेंडर का रेट है तो आप सस्ता नहीं दे सकते क्या?

### कांग्रेस करेगी 12-13 मार्च को प्रदेशभर में विरोध-प्रदर्शन

**जयपुर**। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने केंद्र की सरकार पर विदेश नीति में विफल रहने और देश में महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इजरायल, ईराक ओर अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के दौरान देश के हितों को सुरक्षित रखने में केंद्र सरकार असफल रही है, जिसके कारण देश में ईंधन संकट की स्थिति पैदा हो गई है।

डोटासरा ने कहा कि केंद्र सरकार ने आमजन पर महंगाई का बोझ डालते हुए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। इसके साथ ही सामाजिक कार्यक्रमों और समारोहों में उपयोग होने वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शादी-विवाह और सामाजिक समारोहों का दौर चल रहा है, लेकिन ऐसे समय में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होना आमजन के लिए गंभीर समस्या बन गया है। डोटासरा ने इसे केंद्र सरकार का घातक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन पर भी असर पड़ रहा है। डोटासरा ने यह भी आरोप लगाया कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, लेकिन उनकी सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार की ओर से कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

# राज्य सरकार को गत वर्ष की तुलना में 7.10 प्रतिशत अधिक राजस्व मिला

## प्रदेश के विकास में राजस्व की भूमिका अहम, लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्ययोजनाएं बनाएं : भजनलाल शर्मा



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को विभिन्न विभागों द्वारा राजस्व संग्रहण के संबंध में बैठक ली।**

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष समान अवधि में राज्य सरकार को 7.10 प्रतिशत की राजस्व अर्जन में वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति, खनन ब्लॉक्स की नियमित नीलामी, पारदर्शी कर व्यवस्था सहित विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न विभागों द्वारा राजस्व संग्रहण के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अधिकारी राजस्व आय में वृद्धि के लिए कार्ययोजना बना कर कार्य करें। साथ ही, सभी विभागों की राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक समिति का भी गठन किया जाए जो नियमित तौर पर विभागवार प्रगति का आंकलन करे। शर्मा ने कहा कि जीएसटी सुधारों से आमजन को राहत मिली है और इस क्षेत्र में डेटा एनालिटिक्स में प्रदेश देशभर में अग्रणी है तथा इससे करदाताओं को भी लाभ मिला है।

शर्मा ने कर चोरी और पारदर्शी कर व्यवस्था के लिए सुदृढ निगरानी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कर संबंधी सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के लिए इंटीग्रेटेड टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि इस सिस्टम के उपयोग करने से करदाताओं को अधिक सुगमता हुई है। राज्य में जीएसटी संग्रहण में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से परिवहन विभाग द्वारा भी गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 9.51 प्रतिशत अधिक राजस्व अर्जन हुआ है। साथ ही, ग्रीन टैक्स से आय भी दोगुनी हो गई है। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

**■ मुख्यमंत्री ने कर चोरी रोकने और पारदर्शी व्यवस्था के लिए सुदढ़ निगरानी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए**

साथ ही, व्हीकल स्क्रैपिंग का भी व्यवस्थित निष्पादन किया जाए। बैठक में बताया गया कि पंजीयन एवं मुद्रांक द्वारा डीएलसी दरों में किए गए सुधारों से इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में स्टांप ड्यूटी से अर्जित राजस्व समान अवधि में 16.34 प्रतिशत बढ़ा है। खनन पट्टों की नीलामी से राजस्व अर्जन पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा अवैध खनन पर पूर्ण रोकथाम के उपाय किए जाएं तथा इस कार्य में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग को संपत्तियों के पंजीयन की प्रक्रिया सरल करने और आमजन को अधिक से अधिक राहत पहुंचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राज्य में अवैध शराब की बिक्री पर भी प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि आबकारी नीति में किए गए नीतिगत सुधारों से इस वर्ष आबकारी से राजस्व पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 7.52 प्रतिशत अधिक रहा है। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## गन्ने की फसल की आड़ में अफीम की खेती का खुलासा

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई करते हुए राशमी थाना क्षेत्र में गन्ने की फसल की आड़ में की जा रही अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने खेत से 5317 अफीम के पौधे और 780 ग्राम शुद्ध अफीम का दूध जब्त कर खेत मालिक को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर राशमी थाना पुलिस ने गांव भालोटा की खेड़ी में खेत पर दबिश दी। खेत में गेहूं, चना और गन्ने की फसल के बीच अवैध अफीम की खेती की जा रही थी। पुलिस टीम ने मौके से कुल 5317 अफीम के पौधे (वजन 431 किलो 460 ग्राम) और अफीम डोडों से निकाला गया 780 ग्राम अफीम का दूध जब्त किया। साथ ही अफीम चिराई और लुवाई में उपयोग होने वाले उपकरण भी बरामद किए गए। मामले में खेत मालिक शोभा लाल जाट (45) निवासी भालोटा की खैड़ी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में जांच शुरू की।

# गर्मी में बिजली का समुचित प्रबंध करें : ऊर्जा मंत्री

**जयपुर** (कासं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अधिकारियों को आगामी गर्मी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गर्मी की तीव्रता अधिक रहने के आसार हैं। ऐसे में विद्युत मांग में संभावित बढ़ोतरी का आंकलन करते हुए अधिकारी बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। नागर मंगलवार को विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग एवं विद्युत निगमों के अधिकारियों के साथ आगामी गर्मियों में विद्युत मांग एवं उपलब्धता की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विद्युत गृहों के कॉमन पूल से बिजली का आवंटन प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष में भारत सरकार ने गर्मी के सीजन में 750 मेगावाट तक का कोटा आवंटित किया था, जिससे आपूर्ति प्रबंधन में मदद मिली थी। ऊर्जा मंत्री ने लघु अवधि आधार पर एक्सचेंज से बिजली खरीद के लिए भी निविदा प्रक्रिया अभी से सम्पादित करने के निर्देश दिए।

**■ ऊर्जा मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय विद्युत गृहों के कॉमन पूल से बिजली का आवंटन प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जाएं।**

अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा अजिताभ शर्मा ने निर्देश दिए कि उत्पादन निगम द्वारा थर्मल यूनिटों का बेहतर रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए जिससे कि यूनिटों के अनावश्यक ट्रिप होने की सम्भावनाओं को कम किया जा सके। साथ ही अधिकतम उत्पादन हासिल किया जा सके। उन्होंने उत्पादन निगम को बैटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली के कार्य की प्रगति में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।



**ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को विद्युत भवन में अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी गर्मियों में विद्युत मांग एवं उपलब्धता को लेकर समीक्षा की।**

राजस्थान ऊर्जा विकास एण्ड आईटी सर्विसेज के प्रबंध निदेशक ओम कसेरा ने आगामी अप्रैल माह से सितम्बर माह तक ऊर्जा की औसत मांग, उपलब्धता, मांग में बढ़ोतरी आदि को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि अप्रैल और मई माह में लघु अवधि आधार पर एक्सचेंज से बिजली खरीद के लिए निविदा जारी कर दी गई हैं। बैठक में जोधपुर डिस्कॉम की ओर से कुछ सब-स्टेशनों पर ऊर्जा भण्डारण प्रणाली के माध्यम से कृषि उपभोक्ताओं को दिन के दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति करने के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल, ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव सौरभ स्वामी, उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी सहित तीनों विद्युत वितरण निगमों एवं प्रसारण निगम के अधिकारी भी मौजूद थे। अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक के.पी वर्मा वीडियो कान्फ्रेन्स से जुड़े।

## नागालैंड की युवती को जयपुर में ट्रक ने रौंदा, मौत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। बजाज नगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में नागालैंड की एक युवती की मौत हो गई। टैक्सी बाइक से गिरने के बाद पीछे से आ रहे गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

सड़क दुर्घटना थाना (पूर्व) के हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान नागालैंड निवासी लिगा जिमो (22) के रूप में हुई है। वह पिछले करीब दो साल से जयपुर के मालवीय नगर क्षेत्र में किराए पर रह रही थी और एक पार्लर में काम करती थी।

जो सोमवार रात वह सिंधी कैंप से टैक्सी बाइक लेकर अपने घर मालवीय नगर लौट रही थी। इसी दौरान गोपालपुरा बाईपास पर पुलिया पर चढ़ते समय बाइक चालक ने अचानक नीचे की ओर मोड लिया। इससे संतुलन बिगड़ने पर युवती बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गई।

इसी दौरान पीछे से आ रहे एचपी गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका-मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# 'जनसुझावों से बनेंगे गांव और वार्डों के मास्टर प्लान'

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान - 2047 के लक्ष्य के क्रम में राज्य के प्रत्येक ग्राम और वार्ड का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। इन मास्टर प्लान्स में भविष्य की आवश्यकताएं और महिला, युवा, गरीब, किसान सहित सभी आयु वर्ग के सुझाव शामिल किए जाएंगे ताकि यह जन आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बन सके। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों के मास्टर प्लान की बजट घोषणा के क्रम में प्रस्तावित अभियान से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं वार्डों के मास्टर प्लान को लघु, मध्यम एवं दीर्घ अवधि की श्रेणियों में विभाजित करते हुए तैयार करें ताकि बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप उनकी जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मास्टर प्लान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुनियोजित विकास करना है जिससे ग्रामीणों का पलायन रूके और शहरों पर भार ना पड़े। उन्होंने साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण से मास्टर प्लान्स में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़क, स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं की योजनाएं बनाने के विशेष दिशा-निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि विकास के साथ-साथ विरासत के मूल मंत्र को केन्द्र में रखे।

# नौकरी का झांसा देकर ठगने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट जयपुर उत्तर की ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिछले एक साल से फरार चल रहे एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी सचिवालय में नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करता था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करन शर्मा ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अरुण शर्मा उर्फ आलू (32) निवासी कागदीवाड़ा (ब्रह्मपुरी) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 17 फरवरी 2025 को सुभाष कुमार नामक व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया था। थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि आरोपित अरुण शर्मा ने उसे सचिवालय में एलडीसी के पद पर सरकारी नौकरी लगवाने का लालच दिया था। इसके बदले आरोपी ने उससे 3.20 लाख रुपये ऐंठ लिए और विश्वास जीतने के लिए उसे एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया।

ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने मामला दर्ज कराया। जिसके बाद से ही आरोपी अपनी पहचान छिपाकर फरार चल रहा था।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक व सहायक पुलिस आयुक्त (आमेर) सुरेन्द्र सिंह राणावत के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों की सूचना पर आरोपी को दबोचा। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए ठगी करता था।

वह कभी खुद को ड्रग इंस्पेक्टर तो कभी पुलिस अधिकारी बता कर लोगों पर रौब झाड़ता था। वह बड़े अधिकारियों से अपनी साठगांठ होने का दावा कर युवाओं को सरकारी नौकरी का झांसा देता था।

साथ ही शातिर ठग अरुण शर्मा उर्फ आलू के खिलाफ पूर्व में भी जयपुर के ब्रह्मपुरी, गलता गेट और नाहरगढ़ थानों में ठगी के कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य वारदातों और फर्जी दस्तावेजों के निर्माण के संबंध में जानकारी मिल सके।

## सार-समाचार

### डिजिटल अर्थव्यवस्था पर चर्चा



**जयपुर**। फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की ओर से मंगलवार को आईटीसी राजपूताना जयपुर में इनसाइडर टेल्स - भारतीय मुद्रा के बदलते स्वरूप विषयक एक खास सत्र का आयोजन किया गया। सत्र ने फ्लो सदस्यों को भारतीय मुद्रा की रोचक यात्रा को समझने का अनूठा अवसर मिला। फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन डॉ. रिम्मी शेखावत (2025-26) ने कहा कि ऐसे सत्र से सदस्यों को देश के महत्वपूर्ण आर्थिक परिवर्तनों को विशेषज्ञों के दृष्टिकोण से समझने का मौका मिलता है। साथ ही सीखने के नए आयाम मिलते हैं। सत्र के मुख्य वक्ता काज़ा सुधाकर रहे, जो भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व प्रिंसिपल चीफ जनरल मैनेजर तथा भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण के पूर्व प्रबंध निदेशक रह चुके हैं। उन्होंने भारतीय मुद्रा प्रणाली के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए। उन्होंने भारतीय मुद्रा के विकास, नए नोटों के डिज़ाइन और मुद्रण की प्रक्रिया तथा 2016 की नोटबंदी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने भारत के डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदमों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में फ्लो सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सत्र सभी के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और रोचक रहा।

### अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश




**जयपुर** (कासं)। विधायकपुरी थाना पुलिस अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि 10 मार्च को दोपहर 2:50 बजे एम.आई.रोड पर महिन्द्रा शोरूम के नजदीक एक अज्ञात युवक अचेत स्थिति में पड़ा मिला, उसे उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मुर्दाघर में रखवाकर उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 60 वर्ष है।

### डॉ. अर्चना मेहता का सम्मान



**जयपुर** (कासं)। सामाजिक संस्था इकोफ्यूजन और एटर्नल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न वर्गो में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। पॉली हाउसेस और कृषि कार्य में उत्कृष्ठता के लिए डॉ. अर्चना मेहता को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय की उपकुलपति डॉ. रोही दहिया ने सम्मानित किया। एटरनल हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। डॉ. अर्चना मेहता जो पी.एच.डी. हैं और गृहणी हैं तथा साथ ही जयपुर फुट की निर्मीता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की कार्यकारिणी की सदस्य भी हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में प्रवेश कर पॉलिहाउस कृषि प्रणाली में अल्पसमय में अच्छी सफलता प्राप्त की। समारोह में राजस्थान की आम कर संयुक्त आयुक्त लेखा शर्मा भी उपस्थित थी।

### रो. सुनील दत्त गोयल बने सलाहकार




**जयपुर**। एडिटर्स क्लब ऑफ इंडिया ने सामाजिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रोटेरियन सुनील दत्त गोयल को क्लब का सलाहकार नियुक्त किया है। क्लब के अध्यक्ष अमिताभ अग्निहोत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय गिरि एवं महासचिव डॉ. सुनील कौशिक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सुनील दत्त गोयल के लंबे अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और सामाजिक सरोकारों को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन से एडिटर्स क्लब ऑफ इंडिया की गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी। संगठन सचिव नरेश वशिष्ठ एवं एडवाइजरी विंग के चेयरपर्सन अनुराग वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एडिटर्स क्लब ऑफ़ इंडिया द्वारा गठित यह एडवाइजरी विंग केवल एक औपचारिक संरचना नहीं, बल्कि पत्रकारिता के भविष्य को दिशा देने वाला एक सशक्त विचार मंच है। ज्ञात रहे कि सुनील दत्त गोयल वर्तमान में इंपीरियल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महानिदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। वे जयपुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के पूर्व उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।


# 'जयपुर को गड्ढा, गंदगी और प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य'

## प्रदेश के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के.के.गुप्ता ने जयपुर नगर निगम में ली अफसरों की मैराथन बैठक

**जयपुर** (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के लिए राजस्थान सरकार द्वारा नियक्त प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के.के.गुप्ता ने मंगलवार को नगर निगम जयपुर में साफ-सफाई को लेकर अफसरों की मैराथन मीटिंग ली। उन्होंने निर्देश दिए कि राजधानी जयपुर में 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथकीकरण, प्रतिदिन समयबद्ध कचरा उठाने, जीपीएस मॉनिटरिंग तथा सॉफ्टवेयर से पेनल्टी की व्यवस्था की जाए।

गुप्ता ने कहा कि, मोहल्लों में आम नागरिकों को जोड़ते हुए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर स्वच्छता गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाए। सार्वजनिक शौचालयों और मूत्रालयों की दिन में 3 बार सफाई, खाली भूखंडों की सफाई नहीं होने पर पेनल्टी और सीजर कार्रवाई, व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई, बिजली के पोलों की लाइट व्यवस्था दुरुस्त रखने, बेसहारा गौवंश को गौशालाओं भेजने, नालियों की हाई-प्रेशर मशीन से सफाई और बाग-बगीचों को स्वच्छ रखा जाए।

स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को अब एक जन आंदोलन बनाना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संकल्प है कि हमारा राज्य समृद्ध और विकसित बने, जिसके लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान सबसे प्राथमिक कड़ी है। मुख्यमंत्री खुद समय-समय पर प्रदेश की सभी निकायों की स्वच्छता को लेकर जानकारी ले रहे हैं। पिछले 1 माह में 17 जिलों की 90 निकायों में बैठकें की गई हैं। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि स्वच्छता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और जीरो टॉलरेंस नीति के साथ में काम होगा। मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेश हैं कि स्वच्छ भारत मिशन में उत्कृष्ट परिणामों के लिए कोताही-लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**स्वच्छ भारत मिशन के प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के.के.गुप्ता ने मंगलवार को नगर निगम जयपुर में साफ-सफाई को लेकर अफसरों की मीटिंग ली।**

**■ 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथकीकरण, प्रतिदिन समयबद्ध कचरा उठाने, जीपीएस मॉनिटरिंग तथा सॉफ्टवेयर से पेनल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश**

### 90-ए और भू-उपयोग पर खुलकर बातचीत

गुप्ता ने 90 ए को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि 90-ए करने के पश्चात जब तक निर्माण की स्वीकृति जारी नहीं की जाए, जब तक भूमि का पूरा डेवलपमेंट संबंधित भू मालिक द्वारा नहीं कर दिया जाए। जिसमें रोड लाइट, पानी, नाली, बगीचे तथा अगर कोई कॉलोनी नई बन रही है, उसका पानी बरसात के अंदर किसी झील या तालाब में जाने की संभावना हो तो उस जगह गंदे पानी का ट्रीटमेंट प्लांट अवश्य लगवाने के लिए पाबंद करें, अन्यथा झील तालाब प्रदूषित हो जाएंगे। आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने पश्चात ही कॉलोनाइजर को 12.5 प्रतिशत प्लॉट दिए जाएं, अन्यथा उनका आवंटन रोककर रखें।

### डूंगरपुर निकाय हर वर्ष रच रहा कीर्तिमान

गुप्ता ने कहा कि जनजाति अंचल की डूंगरपुर निकाय ने स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान प्राप्त किए हैं। वर्ष 2015 में प्रदेश के सभी निकाय प्रमुखों की कार्यशाला जयपुर में आयोजित हुई थी, जिसमें निर्देश दिए गए थे कि प्रदेश के सभी निकायों को खुले में शौच मुक्त बनाना है। तब मेरे द्वारा सबसे पहले डूंगरपुर को खुले में शौच मुक्त बनाने और 5 करोड रुपए प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने का संकल्प लिया गया था। इसके बाद यहां अधिकारियों और जनता ने साथ में मिलकर स्वच्छता की लडाई लड़ी थी और आज तक भी डूंगरपुर निकाय का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्वच्छता में पहचाना जाता है तथा निकाय राजस्थान प्रदेश की प्रथम खुले में शौच मुक्त निकाय घोषित होने का भी गौरव रखती है। प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं है कि राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रतिवर्ष डूंगरपुर निकाय किसी न किसी श्रेणी में अव्वल स्थान प्राप्त कर रहा है।

### जहां सीवरेज लाइनें डल चुकी, वहां मरम्मत करें

गुप्ता ने निर्देश दिए कि शहर में जहां-जहां सीवरेज के कार्य चल रहे हैं उसमें यह आवश्यक है कि जो खुदाई कर दी गई है, जहां लाइन डाल दी गई है पहले उसकी रिपेयरिंग और मरमत का कार्य किया जाए। प्राय: यह देखने में आया है कि ठेकेदार द्वारा लाइन तो डाल दी जाती है, लेकिन रिपेयरिंग का कार्य नहीं करते, जिससे आमजन सरकार को कोसते है।